Bharat Temples

महाकाल की किरपा से सब काम हो रहा है

महाकाल की किरपा से सब काम हो रहा है,
करता है मेरा बाबा मेरा नाम हो रहा है,
महाकाल की किरपा से सब काम हो रहा है

तेरी दया से बाबा दुनिया ये चल रही है,
हैरान है जमाना मंजिल भी मिल रही है,
तेरे नाम का दीवाना संसार हो रहा है,
महाकाल की किरपा से सब काम हो रहा है

मेरी जिंदगी में तुम हो किस चीज की कमी है,
किसी और चीज की अब दरकार भी नहीं है,
तेरे साथ से गुलाम अब गुलफाम हो रहा है
करता है मेरा बाबा मेरा नाम हो रहा है,
महाकाल की किरपा से सब काम हो रहा है

मुझे हर कदम कदम पर तूने दिया सहारा,
मेरी जिंदगी बदल दी तूने कर के इक इशारा,
एहसान पे तेरा ये एहसान हो रहा है,
करता है मेरा बाबा मेरा नाम हो रहा है,
महाकाल की किरपा से सब काम हो रहा है

https://www.bharattemples.com/mahakaal-ki-kirpa-se-sab-kaam-ho-raha-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw